दैनिक भास्कर बीकानेर 06-09-2024

डॉ. वीएस आचार्य और डॉ.मनमीत को मिला शिक्षक सम्मान

बीकानेर | शिक्षक दिवस पर गुरुवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक एवं सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सह आचार्य डॉ.वीएस आचार्य और सहायक आचार्य डॉ.मनमीत कौर को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान (आईएबीएम) की छात्रा महिमा त्रिवेदी को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार मिला। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा विद्या मंडप में आयोजित इस सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि एसपी तेजस्वनी गौतम थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने की। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. देवा राम सैनी, वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. निर्मल सिंह दहिया, अधिष्ठाता पीजी डॉ. राजेश कुमार वर्मा समेत कृषि विश्वविद्यालय के सभी डीन, डायरेक्टर्स, शिक्षकगण समेत अन्य कार्मिक, स्टूडेंट्स शामिल हुए।